Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 111 ▫ रायपुर, शुक्रवार 16 मई 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## 18 मई को इसरो लॉन्च करेगा 101वां सैटेलाइट




**नई दिल्ली,** 16 मई (न्यूज चैनल)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 18 मई को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करने जा रहा है। इसरो इस दिन अपना 101वां उपग्रह अंतरिक्ष में भेजेगा, जिसका नाम RISAT-18 है। यह उपग्रह पृथ्वी पर नजर रखने और निगरानी करने की हमारी क्षमता को और बढ़ाएगा। इस उपग्रह को ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान के जरिए श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया जाएगा, जिसे PSLV-C61 भी कहते हैं।

इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसरो ने इसी साल जनवरी में श्रीहरिकोटा से अपना 100वां रॉकेट सफलतापूर्वक लॉन्च किया था। अब 18 मई को भारत का 101वां उपग्रह RISAT-18 लॉन्च किया जाएगा, जो एक पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है। इस उपग्रह का मुख्य उद्देश्य भारत की निगरानी, रिमोट सेंसिंग (दूर से जानकारी जुटाना) और आपदा आने पर तेज़ी से मदद पहुँचाने की क्षमता को और भी मजबूत करना है। इससे देश की सुरक्षा और बचाव कार्यों में काफी मदद मिलेगी।

## ब्रह्मोस ने पाकिस्तान को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखाया

### भुज से राजनाथ ने पड़ोसी को दिखवाया आईना

**नई दिल्ली,** 16 मई (न्यूज चैनल)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को गुजरात के भुज वायु सेना स्टेशन का दौरा किया। इस एयरबेस को पिछले सप्ताह पाकिस्तानी सेना की ओर से निशाना बनाने की कोशिश की गई थी। हालांकि, उनके नापाक मंसूबों पर भारतीय सशस्त्र बलों ने पानी फेर दिया था। राजनाथ की यह यात्रा जम्मू-कश्मीर की यात्रा, नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के एक दिन बाद हुई। भुज में उन्होंने कहा कि हमारे ब्रह्मोस की ताकत पूरी दुनिया ने देख ली है। पाकिस्तान पर हमारी मिसाइल कहर बनकर बरसी है।



इस दौरान उन्होंने कहा कि पहलगाम में मारे गए सभी निर्दोष नागरिकों को और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए हमारे सैनिकों को नमन करता हूं। मैं हमारे घायल सैनिकों के साहस को भी नमन करता हूं और ईश्वर से यह प्रार्थना करता हूं कि वो जल्द से जल्द स्वस्थ हों। हमारे देश की मजबूत भुजा भुज में आप सबके बीच आकर मुझे बड़ा गर्व हो रहा है। यह भुज, 1965 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है। यह भुज 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है। आज एक बार फिर यह भुज पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी बना है। इसकी मिट्टी में देशभक्ति की खुशबू है और यहां के जवानों में भारत की सुरक्षा का अडिग संकल्प। मैं आप सभी वायु योद्धाओं समेत, सशस्त्र बलों और बीएसएफ के सभी जांबाजों को सलाम करता हूं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि अभी कल ही मैं श्रीनगर में सेना के अपने वीर जवानों से मिलकर लौटा हूं। आज मुझे आपके बीच आने का अवसर मिला है। कल मैं भारत के उत्तरी भाग में जवानों से मिला। आज मैं भारत के पश्चिमी भाग में वायु योद्धाओं और जवानों से मिल रहा हूं। दोनों ही मोर्चों पर उच्च र्जा और हाई जोश देखकर मैं फिर से आश्वस्त हो गया हूं कि भारत की सीमाएं आप सभी की मजबूत भुजाओं में पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

## ब्रेकिंग न्यूज

### फिर लौट आया कोरोना! 31 मौतों के बाद हाई अलर्ट जारी

**नई दिल्ली,** 16 मई (न्यूज चैनल)। अगर आप सोच रहे कि कोरोना पूरी तरह खत्म हो गया है तो सतर्क हो जाइए। एशिया में कोविड-19 एक बार फिर से सिर उठाने लगा है और हालात धीरे-धीरे चिंताजनक होते जा रहे हैं। हांगकांग, सिंगापुर, चीन और थाईलैंड जैसे देशों में संक्रमण के नए मामलों में तेजी देखी जा रही है। एक ओर जहां दुनिया सामान्य जीवन की ओर लौटने की कोशिश कर रही है, वहीं दूसरी ओर कोरोना फिर से दस्तक दे चुका है। हांगकांग में हालात तेजी से बदल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, कोरोना की एक्टिविटी इस वक्त बीते एक साल के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है। 3 मई को खत्म हुए हफ्ते में 31 मौतें दर्ज की गईं, जो चिंता बढ़ाने वाली बात है। सैंपल पॉजिटिविटी रेट भी लगातार बढ़ रहा है और अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में भी इजाफा देखा गया है। सिंगापुर सरकार ने कोविड की नई लहर को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। मई के पहले सप्ताह में मामलों में 28त्न की बढ़ोतरी देखी गई, जो इस साल का अब तक का सबसे बड़ा उछाल है। यहां तक कि अस्पतालों में भर्ती होने वालों की संख्या भी 30 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है।

### भारतीय नागरिक ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की

**नई दिल्ली,** 16 मई (न्यूज चैनल)। एक भारतीय पर्वतारोही ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की है। पर्वतारोहण अभियान के आयोजकों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अभियान के आयोजक "8के एक्सपीडिशंस" के अनुसार, एस. सरकार बुधवार को सात अन्य पर्वतारोहियों के साथ 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे। आयोजक द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक पोस्ट के अनुसार, दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर पहुंचने वाले अन्य पर्वतारोहियों में चीन और ब्रिटेन का एक-एक पर्वतारोही और चार गाइड शामिल थे।

### राहुल गांधी के खिलाफ दरभंगा में 2 एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली, 16 मई (न्यूज चैनल)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी के कई पदाधिकारियों के खिलाफ गुरुवार को दरभंगा के अंबेडकर कल्याण छात्रावास में निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए और बिना अनुमति के कथित रूप से अनाधिकृत जनसभा आयोजित करने के आरोप में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। इन मामलों पर प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि ये सभी मेरे लिए पदक हैं। मेरे खिलाफ 30-32 मामले दर्ज हैं। दरभंगा के एसडीपीओ (सदर) अमित कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन ने पार्टी कार्यकर्ताओं के औपचारिक अनुरोध के बाद राजेंद्र भवन (टाउन हॉल) में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कांग्रेस को लिखित अनुमति दी थी।

## ट्रक ने स्कूटी सवार युवती को रौंदा, मौके पर हुई मौत



**रायपुर,** 16 मई (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर के तेलीबांधा रिंग रोड पर आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. एक ट्रक ने स्कूटी सवार 27 साल की युवती को रौंद दिया, जिससे उसकी की मौत हो गई. इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. वहीं राष्ट्रीय मार्ग जाम हो गया है. मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. साथ ही मौके से फरार वाहन चालक को भी पुलिस ने कुछ ही देर में गिरफ्तार कर लिया है.

जानकारी के मुताबिक मृतिका की पहचान तान्या रेड्डी (27 साल) के रूप में हुई है. वह स्कूटी पर सवार होकर तेलीबांधा से जा रही थी, तभी पीछे से आ रही ट्रक ने स्कूटी को रौंद दिया. इस हादसे में स्कूटी सवार युवती की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं घटना के बाद रिंग रोड पर भारी जाम लग गया, जिसे हटाकर पुलिस रास्ता बहाल करने में जुटी हुई है.

## ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का झांसा देकर आईटी प्रोफेशनल से 2.30 करोड़ की ठगी, आरोपी ने परिजनों के खातों को भी बनाया निशाना

**रायपुर,** 16 मई (हाईवे चैनल)। शेयर मार्केट में एल्गो ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का लालच देकर रायपुर के एक आईटी प्रोफेशनल से 2 करोड़ 30 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि नीरज केडिया नामक युवक ने गौरव तिवारी नामक पीड़ित को निवेश के नाम पर अपने झांसे में फंसाया और उसके साथ-साथ उसके परिजनों के बैंक खातों तक पहुंच बनाकर करोड़ों रुपये उड़ा लिए। मामले में आरोपी के खिलाफ आजाद चौक थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है और पुलिस जांच में जुट गई है।




जानकारी के अनुसार, गौरव तिवारी पहले चंडीगढ़ में टेक महिंद्रा में कार्यरत था। गौरव के बड़े भाई आईटी क्षेत्र में काम करते हैं और उन्होंने ही ट्रेडिंग के लिए पूंजी मुहैया कराई थी। सितंबर 2022 में गौरव अपने भाई के साथ रायपुर निवासी नीरज केडिया से मिला था। नीरज ने खुद को निवेश विशेषज्ञ बताते हुए गौरव को अपने भाई नवीन की फर्म में निवेश करने को कहा और एक डीमैट खाता खुलवाया।

गौरव का आरोप है कि नीरज ने न सिर्फ उसे, बल्कि उसके माता-पिता और अन्य परिजनों के बैंक खातों की भी जानकारी हासिल कर ली थी। उसने एल्गो ट्रेडिंग में अधिक मुनाफे का झांसा देकर सभी से ओटीपी मंगवाया और फिर मोबाइल के जरिए उनके बैंक व ट्रेडिंग खातों को खुद ही ऑपरेट करने लगा। गौरव ने बताया कि विश्वास में आकर उसने नीरज को करोड़ों रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर किए। कुछ समय बाद एक परिचित के माध्यम से गौरव को शक हुआ और जब उसने बैंक स्टेटमेंट मंगवाया, तब जाकर सारा मामला उजागर हुआ। इसके बाद उसने नीरज के भाई नवीन से बात की, तो सामने आया कि जिन खातों को नवीन की फर्म से जुड़ा बताया जा रहा था, वे असल में नीरज खुद संचालित कर रहा था। सभी खातों से धीरे-धीरे रकम निकाल ली गई थी। पुलिस ने गौरव तिवारी की शिकायत पर नीरज केडिया के खिलाफ आईपीसी की धोखाधड़ी की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस को प्रारंभिक जांच में यह एक संगठित साइबर फ्रॉड का मामला प्रतीत हो रहा है,

## स्काई वॉक का फाइनल हुआ ठेका, अधूरे काम को पूरा करने के लिए सरकार से मिली 37 करोड़ स्वीकृति



**रायपुर,** 16 मई (हाईवे चैनल)। राजधानी के अधूरे पड़े प्रोजेक्ट स्काई वॉक को पूरा करने का आदेश जारी कर दिया गया है। इस संबंध में जारी आदेश में स्पष्ट कर दिया गया है कि यह फुट ओवरब्रिज ही रहेगा। स्काईवाक का ढांचा सात साल से कबाड़ की तरह खड़ा है। शासन ने स्पष्ट कर दिया है कि इसके डिजाइन तथा पूरे प्लान में कोई भी बदलाव नहीं किया जाएगा। इसके लिए 37 करोड़ रूपये की शासन से स्वीकृति मिल गई है।

पीडब्लूडी ने आज राजधानी के स्काईवाक के अधूरे काम को पूरा करने का आदेश जारी कर दिया है। लगभग 7 साल बाद इस पर फिर से काम शुरू होने वाला है। रमन सिंह सरकार में जिस ड्राइंग डिजाइन के प्रोजेक्ट को अप्रुवल मिला था, उसी आधार पर स्काई वॉक के निर्माण होगा। कांग्रेस सरकार ने इस पर रोक लगा दी थी। जो साय सरकार में पूरा होने जा रहा है। इस निर्माण कार्य का ठेका पीएसएए कंस्ट्रक्सन प्रा लि को दिया गया है। जिसे 20त्न अधिक दर पर यह ठेका 37 करोड़ 75 लाख 70 हजार 682 रूपये की दर से इस अधूरे निर्माण को पूरा करने की स्वीकृति शासन से मिली है। दरासल पिछली कांग्रेस सरकार ने स्काई वॉक का खासा विरोध किया था और निर्माण पर रोक लगा दी थी। कांग्रेस सरकार ने स्काईवाक पर विचार के लिए एक हाईलेवल कमेटी बना दी गई लेकिन आखिर तक यह तय नहीं हो पाया कि स्काईवाक का ढांचा तोड़ा जाए, या फिर इसे पूरा कर लिया जाए। भाजपा सरकार ने भी करीब सालभर के मंथन और तकनीकी टेस्टिंग के बाद सहमति दी। पीडब्लूडी विभाग ने टेंडर फाइनल कर इसका काम पुराने डिजाइन पर ही दोबारा शुरू करने का आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश में कुछ शर्तें

## देश को अपने वीर जवानों पर भरोसा है और उन पर गर्व भी है : शाह

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एम्स में घायल जवानों से की मुलाकात



**रायपुर,** 16 मई (हाईवे चैनल)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली के एम्स ट्रॉमा सेंटर का दौरा किया और छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर करेगुट्टा पहाड़ियों में 31 नक्सलियों को मार गिराने के दौरान नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों के घायल जवानों से मुलाकात की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा उपस्थित थे।

■ उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा थे उपस्थित- जवानों का बढ़ाया हौसला

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारे सुरक्षा बल अपनी वीरता से नक्सलवाद का नामोनिशान मिटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली के एम्स ट्रॉमा सेंटर में जाकर उन सुरक्षाकर्मियों से मुलाकात की जो छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर करेगुट्टा पहाड़ियों में 31 नक्सलियों को मार गिराने के दौरान नक्सल विरोधी अभियान में घायल हुए थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उन्हें विश्वास दिलाया कि देश उन पर भरोसा और गर्व करता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वीर जवानों ने छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर लगातार 21 दिनों तक ऑपरेशन चलाकर 31 नक्सलियों को ढेर किया। जवानों के इस शौर्य और साहस पर पूरे देश को गर्व है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने घायल जवानों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनका हौंसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हमारे वीर जवानों के चेहरे पर मुस्कान देखकर गर्व होता है। आपकी भुजाओं की ताकत और साहस को पूरा देश देख रहा है। उन्होंने जवानों के साहस और समर्पण को प्रणाम करते हुए जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## रायपुर निगम का ऑनलाइन सिस्टम फेल, प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं होने से कई काम रुके

**रायपुर,** 16 मई (हाईवे चैनल)। रायपुर नगर निगम का संपत्तिकर जमा करने का भुगतान विंडो पिछले 15 दिनों से बंद पड़ा है. टैक्स जमा नहीं हो पाने की वजह से लोगों के कई जरूरी काम अटक गए हैं. दरअसल, नक्शा पास कराने, बिजली का कनेक्शन लेने, गुमाश्ता लाइसेंस बनवाने समेत अन्य कई अन्य कार्यों में संपत्तिकर की चालू वर्ष की रसीद लगती है, जो टैक्स जमा नहीं होने से अटक गए हैं.

**भवन अनुज्ञा जैसे कामों के लिए भटक रहे हैं लोग**

## सुशासन तिहार 2025 : मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के सीतगांव में उतरा सीएम साय का हेलीकॉप्टर

**मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, 16 मई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार का तीसरा चरण जारी है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज औचक निरीक्षण पर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के मानपुर ब्लॉक में सेक्टर सीतगांव पहुंचे हैं. उनके आगमन पर अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने गुलाब फूल भेंटकर स्वागत किया. यहां सीएम पेड़ के नीचे चौपाल लगाएंगे और ग्रामीणों से योजनाओं का फीडबैक लेंगे.



## चांदी के कंगन के लिए कलयुगी बेटे ने मां का अंतिम संस्कार रोका, चिता के ऊपर लेट गया

**नई दिल्ली,** 16 मई (न्यूज चैनल)। रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक दिल दहला देने वाली घटना राजस्थान के जयपुर से सामने आई है, जहां एक बेटे ने अपनी दिवंगत मां के अंतिम संस्कार को चांदी की कड़ियों के लिए रोक दिया। 'मां' शब्द से जहां दुनिया शुरू होती है, वहीं इस बेटे ने मोह-माया के मोह में मां की विदाई को कलंकित कर दिया।



जयपुर ग्रामीण के विराटनगर क्षेत्र के लीलों का बास गांव में बीते 3 मई को 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला का निधन हो गया। परिवारजन जब अंतिम संस्कार की प्रक्रिया के तहत श्मशान पहुंचे, तो वहां जो हुआ, उसने हर किसी को भीतर तक हिला दिया। चिता सज चुकी थी, पर मां के शव को अग्नि देने से पहले बेटा ओमप्रकाश खुद ही चिता पर लेट गया — लेकिन श्रद्धा या प्रेम में नहीं, बल्कि चांदी की कड़ियों की मांग करते हुए। बताया जा रहा है कि मृतका की सेवा करने वाले बड़े बेटे गिरधारी लाल को मां के गहने सौंपे गए थे, जिससे नाराज़ छोटा बेटा ओमप्रकाश भड़क उठा और अंतिम संस्कार रोकने पर अड़ गया। वह बार-बार ज़ोर देकर कहता रहा। पहले मां की चांदी की कड़ियां दो, वरना यहीं जल जाऊंगा। दो घंटे तक समझाने-बुझाने का दौर चलता रहा। रिश्तेदार, समाज के लोग, हर कोई बेटे की इस जिद और लालच पर स्तब्ध था। अंत में जब उसे कड़ियां सौंपी गईं, तब जाकर चिता को अग्नि मिल सकी।

## बिरादरी की बातें



चूहा- सुनती हो, राष्ट्रपति मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से 14 बिन्दु पर सवाल की है और जवाब मांगी है।

चुहिया- हां जी, दोनों महाशक्ति एक-दूसरे की सुप्रीम है..! न सवाल है न जवाब है...!